# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
☎(0591) 3511043✉ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in

पत्रांक -939 / समाचार पत्र / 11 दिनांक 24/04/2026

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय – ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 24.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "अधूरे काम की समस्या का हो हल, तभी मिले साफ जल" के सम्बन्ध मे

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 24.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "अधूरे काम की समस्या का हो हल, तभी मिले साफ जल" की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद। जनपद में जल जीवन मिशन भीषण गर्मी के बीच भी लोगों की प्यास बुझाने में सहायक नहीं बन सका। जिले के ज्यादातर गांवों में मिशन के कामों पर अधूरेपन का ग्रहण लग गया है। जहां पाइप लाइन, नलकूप के काम हो गए, वहां भी ओवरहेड टैंक की सुध नहीं ली गई। ग्रामीण बताते हैं कि मिशन के कामों की न निगरानी है, न अनदेखी करने वालों से कोई पूछताछ। इसके चलते घरों तक साफ पानी पहुंचाने के दावे सच नहीं हो सके। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 303831 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़कों के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025 द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |
| 2 | **टैंक बना नहीं, कमरे में बांधी जा रहीं बकरियां**<br>ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत लौंगीकला और इसी पंचायत के गांव बादरझल्ला में इस गर्मी के सीजन में भी ग्रामीणों को साफ पानी का इंतजार है। दोनों गांवों में फरवरी 2023 को जल जीवन मिशन के अंतर्गत काम शुरू हुआ था। सड़कों को पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदा गया था। दोनों गांवों में 843 घरों में कनेक्शन देने थे लेकिन पूरे गांव के सभी ग्रामीणों को कनेक्शन नहीं मिल सके। काम के नाम पर सिर्फ एक बोरिंग का निर्माण हुआ है। टैंक का निर्माण नहीं किया गया है। टैंक के परिसर में बने कमरे में लोग बकरी बांध देते हैं। वहां भूसा भी रखा है।<br>बादरझल्ला निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि डेढ़ वर्ष से काम बंद है। इसी गांव के यशपाल सिंह बोले, कुछ घरों में कनेक्शन दिए थे | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम ग्राम पंचायत लौंगीकला की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम लौंगीकला पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे हैं। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस व बाउण्ड्री वॉल के कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है। योजना में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक |

| | | |
|---|---|---|
| | लेकिन वहां भी पानी नहीं आया। गांव लौंगीकला निवासी बलबीर सिंह का कहना है कि पाइप लाइन के लिए खोदी सड़कों की मरम्मत नहीं की। इससे आवाजाही में परेशानी आ रही है। | एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 3 | **मनकूला में साल भर से रुका है काम**<br>बिलारी। मनकूला गांव में साल भर से जल जीवन मिशन का काम रूका है। गांव में नलकूप का काम पूरा हो चुका है लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा है। मनकूला के प्रधान मोहम्मद आकिल हुसैन सैफी ने बताया कि ओवरहेड टैंक के आधे हिस्से का निर्माण करके काम रोक दिया गया। पाइप लाइन से सीधे जलापूर्ति की तो पानी का प्रेशर कम होने और लाइन में लीकेज की समस्या सामने आ गई। गांव निवासी चौधरी उरमान सिंह ने ओवरहेड टैंक निर्माण जल्द पूरा करने और उससे जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम मनकूला की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम मनकूला जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। फर्म द्वारा योजना के लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर, योजना से डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगे। |
| 4 | **पाइप लाइन बिछाई, टैंक पर नहीं ध्यान**<br>सुरजन नगर। तीन वर्ष पूर्व तीन गांव पिपली अहीर, पिपली घनश्याम व बंधे वाली मुड़िया में जल जीवन मिशन का कार्य प्रारंभ किया गया था। पिपली अहीर में लगभग दो साल पहले बोरिंग करा दिया। तीनों गांवों में पाइप लाइन डालकर आधे से अधिक घरों में कनेक्शन कर दिए गए। इसके बाद काफी समय से कार्य बंद बंद है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि बिना ओवरहेड टैंक निर्माण के इन हो चुके कामों का क्या लाभ। बिना टैंक के साफ पानी का ख्वाब कैसे पूरा हो सकता है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम पीपली अहीर की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम **पीपली अहीर** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 5 | **पिलर बनाए, ओवरहेड टैंक का अता–पता नहीं**<br>कांठ। गांव डेहरा में जल जीवन मिशन का कार्य एक साल से बंद है। नतीजे में ग्रामीण घर में स्वच्छ पेयजल धारा का इंतजार ही कर रहे हैं। गांव में ओवरहेड टैंक के लिए पिलर खड़े करके काम बंद कर दिया गया। पूरे गांव में पाइप लाइन भी नहीं बिछाई गई। ग्रामीण मान सिंह, जबर सिंह, सूरज सिंह ने बताया कि रास्तों की खोदाई की लेकिन पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा नहीं किया। घरों में पानी आज तक नहीं आया। गांव के ही जौली सिंह, निपेंद्र सिंह ने कहा कि रास्तों पर खोदे गए गड्ढों को ग्रामीणों ने खुद भरा। ओवरहेड टैंक बना नहीं। एक साल से काम बंद है। ग्रामीणों ने ओवरहेड टैंक और नलकूप का स्थान चयन भी संतोषजनक न होने की बात कही है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम डेहरा की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम **डेहरा** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य 40 प्रतिशत एवं उच्च जलाशय के कार्य 35 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 6 | **रसूलपुर चौहरा में नलकूप बना, पाइपलाइन भी बिछी पर ओवरहेड टैंक बनाना भूले**<br>कांठ। छजलैट के रसूलपुर चौहरा में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों के घरों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने के लिए करीब डेढ़ साल पहले काम शुरू हुआ था। नलकूप करके उसका कमरा बना दिया, गांव में पाइपलाइन भी बिछा दी, ज्यादातर घरों तक टोंटी के पाइप भी लगाए लेकिन अब तक ओवरहेड टैंक ही नहीं बन पाया। एक साल से यहां काम बंद है। कुछ लोगों ने नलकूप की कोठरी के बरामदे में उपले और लकड़ी रख दी है। गांव के पूर्व प्रधान अबरार, नोशे खां और राशिद, कलुआ, सरकार अली, मुसर्रत अली आदि ने बताया कि ओवरहेड टैंक नहीं बनाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि अब पिछले एक साल से काम बंद है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के चलते जरूरत को देखते हुए पानी की सप्लाई शुरू होनी चाहिए। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम रसूलपुर चौहरा की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम **रसूलपुर चौहरा जल** जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धित कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 7 | **ओवरहेड टैंक बने तो पानी मिले**<br>कुंदरकी जल जीवन मिशन के अधूरे काम ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को साफ पानी देने में बड़ा रोड़ा बन गए हैं। ग्राम पंचायत हरियाना के 11 हजार बाशिंदे गर्मी में साफ पानी के लिए जूझ रहे हैं।<br>हरियाना में मिशन के तहत बनने वाले ओवरहेड टैंक के लिए काफी समय पहले गहरा गड्ढा खोदा गया था। इससे आगे काम की जरूरत ही नहीं समझी। नलकूप संचालन के लिए कोठरी बनी थी लेकिन इसके संचालन को सोलर सिस्टम नहीं लगा।<br>गांव में रहने वाले जावेद मुगल का कहना है कि गांव में करीब दो साल पहले हर घर जल पहुंचाने की बात कहते हुए काम शुरू किया था। बीच में काम रोक देने से अब तक कोई फायदा नहीं मिला। छत्रपाल सिंह का कहना कि घरों में साफ पानी की आपूर्ति जल्द शुरू होनी चाहिए। इसके लिए ओवरहेड टैंक निर्माण और सोलर सिस्टम का काम जल्द पूरा कराया जाए। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम हरियाना की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम **हरियाना जल** जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल के कार्य पूर्ण है। वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 50 प्रतिशत एवं उच्च जलाशय के कार्य लगभग 10 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 8 | ओवरहेड टैंक बनने के ढाई साल बाद भी पानी की सप्लाई नही | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम महमूदपुर लाल की यथास्थिति निम्नानुसार है। |

| | |
|---|---|
| डिलारी। ग्राम पंचायत महमूदपुर लाल में जलजीवन मिशन से जुड़े काम पूरे नहीं हुए हैं। ओवरहेड टैंक बने लगभग ढाई साल हो गए लेकिन अभी तक पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। गांव के ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह ने बताया कि गांव में पाइपलाइन डाल दी गई है। पाइप लाइन को जोड़ने का कार्य नहीं हुआ है। बोरिंग की टेस्टिंग भी हो गई है। सोलर प्लांट लगाने की जगह नहीं होने के कारण विभाग बिजली कनेक्शन करा रहा है। योगेन्द्र पाल सिंह का कहना है कि ओवरहेड टैंक का निमार्ण हुए लगभग ढाई साल बीत गए है। पर गांव में डाली गई पाइपलाइन को नहीं जोड़ा गया है। जिस कारण शुद्ध पानी की उम्मीद फेल होती नजर आ रही है। नदीम अहमद का कहना है कि हमारे मोहल्ले में पाइप लाइन नहीं डाली गई है। शारुख का कहना है कि गांव में पाइप लाइन डाल दी गई हैं। अधिकतर घरों में कनेक्शन नहीं किए गए है। | ग्राम महमूदपुर लाल जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजना में पाइप लाइन बिछाने, पेयजल गृह संयोजन, उच्च जलाशय इत्यादि कार्य पूर्ण है। सोलन अधिष्ठापन के कार्य शेष है, शीघ्र ही फर्म द्वारा सोलर अधिष्ठापन के कार्य पूर्ण कराकर योजना से शुद्ध क्लोरीन युक्त पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता